# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
## प्रारम्भिक परीक्षा-2012 (प्रथम प्रश्न-पत्र)

**समय : 2 घंटे** | **अधिकतम अंक : 150**

1. 'चुंबकीय दिशासूचक' यंत्र का सर्वप्रथम संदर्भ मिलता है-
   (a) मिफताहुल फुजला में
   (b) छछ्नामा में
   (c) रंजतुस-सफा में
   (d) जवामिउल् हिकायात में

2. दिल्ली सल्तनत के पराभव के उपरांत किस शासक द्वारा स्वर्ण मुद्रा का सर्वप्रथम प्रचलन किया गया?
   (a) अकबर (b) हुमायूँ
   (c) शाहजहाँ (d) शेरशाह

3. निम्नलिखित स्मारकों को उनसे संबंधित शासक से सुमेलित करके नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | दोहरा गुंबद | 1. | शेरशाह |
| B. | अष्टभुजीय मकबरा | 2. | मुहम्मद आदिल शाह |
| C. | सत्य मेहराबीय कमबरा | 3. | बलबन |
| D. | गोल गुंबद | 4. | सिंकदर लोदी |

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

4. कौन-सा स्मारक फतेहपुर सीकरी में नहीं है?
   (a) स्वर्ण महल (b) पाँच महल
   (c) जोधा बाई का महल (d) अकबरी महल

5. महात्मा गांधी सम्बद्ध निम्नलिखित आश्रमों में कौन सबसे पुराना है?
   (a) साबरमती (b) फीनीक्स
   (c) वर्धा (d) सदाकत

6. ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा स्थापित उच्चतम न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे-
   (a) एलिजाह इस्पे
   (b) कोर्टनी इल्बर्ट
   (c) फिलिप फ्रांसिस
   (d) उपर्युक्त में कोई भी नहीं

7. 'नील-दर्पण' के लेखक कौन थे?
   (a) ईश्वर चंद विद्यासागर (b) वंकिम चंद्र चटर्जी
   (c) नबगोपाल मिश्रा (d) दीनबन्धु मित्रा

8. अजीमुल्ला खाँ सलाहकार थे-
   (a) नाना साहब के (b) तात्यां टोपे के
   (c) रानी लक्ष्मी बाई के (d) कुँवर सिंह के

9. 'सत्य शोधक समाज' की स्थापना किसने की थी?
   (a) बी.आर. अम्बेडकर (b) संतराम
   (c) जोतिबा फुले (d) भास्कर राव जाधव

10. मुजफ्फर अहमद, एस.ए. डांगे, शौकत उस्मानी तथा नलिनी गुप्ता किस षड्यंत्र के लिए कैद किए गए थे?
    (a) काकोरी रेल डकैती
    (b) चटगाँव शस्त्रागार पर छापा
    (c) मेरठ षड्यंत्र काण्ड
    (d) कानपुर बोलशेविक षड्यंत्र काण्ड

11. उत्तराखण्ड में सबसे लम्बा हिमनद है-
    (a) पिण्डारी हिमनद
    (b) चोराबाड़ी (चोराबारी) हिमनद
    (c) यमुनोत्री हिमनद
    (d) गंगोत्री हिमनद

12. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तराखण्ड में निम्नांकित में से किस जनपद में जनसंख्या वृद्धि-दर ऋणात्मक रही है?
    (a) पिथौरागढ़ (b) अल्मोड़ा
    (c) रुद्रप्रयाग (d) उत्तर काशी

13. उत्तराखण्ड में 'दून' किसे कहा जाता है?
    (a) संरचनात्मक घाटियों को
    (b) नदी-घाटियों को
    (c) अल्पाइन घास के मैदानों को
    (d) संकरी घाटियों को

14. गोविन्दघाट किन नदियों के संगम पर स्थित है?
    (a) अलकनन्दा एवम् भागीरथी
    (b) अलकनन्दा एवम् खिरोंगाड
    (c) अलकनन्दा एवम् लक्ष्मणगंगा
    (d) अलकनन्दा एवम् धौली गंगा

15. निम्न में से कौन-सा उत्तराखण्ड का जैव आरक्षी क्षेत्र है?
(a) गोविन्द (b) कार्बेट
(c) राजाजी (d) नन्दा देवी

16. महासागरीय नितल का सबसे विस्तृत भाग कौन-सा है?
(a) महासागरी गर्त (b) महासागरीय ढाल
(c) महासागरीय मग्न तट (d) गहरे सागरीय मैदान

17. ग्रेनाडा अवस्थित है
(a) प्रशान्त महासागर में (b) हिन्द महासागर में
(c) कैरीबियन सागर में (d) भूमध्यसागर में

18. ग्रीनविच से दोपहर 12.00 बजे एक तार भेजा गया। तार संप्रेषित करने में 12 मिनट का समय लगा। वह एक नगर में 6.00 बजे सांय को पहुँचा। नगर का देशान्तर होगा-
(a) $97^0$ पू. (b) $87^0$ पू.
(c) $87^0$ प. (d) $97^0$ प.

19. निम्नलिखित में कौन 'ब्रिक्स' (BRICS) का सदस्य नहीं है?
(a) भारत (b) चीन
(c) सऊदी अरब (d) ब्राजील

20. निम्नलिखित में कौन 'समूह' से सम्बन्धित नहीं है?
(a) नीस (b) बालुका पत्थर
(c) चूना पत्थर (d) शेल

21. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक साक्षरता दर वाला राज्य है-
(a) उत्तर प्रदेश (b) मणिपुर
(c) राजस्थान (d) मिजोरम

22. निम्नलिखित में से कौन सुमेलि नहीं है?

| | **जैवमण्डल आरक्षी क्षेत्र** | | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| (a) | सिमिलिपाल | - | ओडिसा |
| (b) | नोकरेक | - | मेघालय |
| (c) | अगस्त्यमलाई | - | केरल |
| (d) | कंचनजंगा | - | हिमाचल प्रदेश |

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-

| | ***सूची-I (उद्योग)*** | | ***सूची-II (अवस्थिति)*** |
|---|---|---|---|
| A. | उर्वरक | 1. | कोटा |
| B. | काँच | 2. | उदयपुर |
| C. | सीमेंट | 3. | जयपुर |
| D. | कृत्रिम रेशम | 4. | श्रीगंगानगर |

कूट-

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

24. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी सरदार सरोवर परियोजना से सम्बन्धित है?
(a) नर्मदा (b) ताप्ती (तापी)
(c) गोदावरी (d) कावेरी

25. भारत के रेखा मानचित्र (a), (b), (c) और (d) चार कोयला क्षेत्रों को प्रदर्शित किया गया है। इनमें से किस एक को मानचित्र पर सही नहीं दिखाया गया है?
(a) सतपुड़ा (b) सोन घाटी
(c) कोरबा (d) कर्णपुरा

26. निम्नलिखित समूहों में कौन-सा पूर्व से पश्चिम की ओर पर्वत शिखरों का सही क्रम है?




(a) एवरेस्ट-कंचनजंगा-अन्नपूर्णा-धौलागिरि
(b) कंचनजंगा-एवरेस्ट-अन्नपूर्णा-धौलागिरि
(c) कंचनजंगा-धौलागिरि-अन्नपूर्णा-एवरेस्ट
(d) एवरेस्ट-कंचनजंगा-धौलागिरि-अन्नपूर्णा

27. निम्नलिखित में से कौन भारत के राज्यों का उनके क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में सही क्रम है?
(a) उत्तराखण्ड-छत्तीसगढ़-झारखण्ड-हिमाचल प्रदेश
(b) झारखण्ड-उत्तराखण्ड-हिमाचल प्रदेश-छत्तीसगढ़
(c) छत्तीसगढ़-झारखण्ड-हिमाचल प्रदेश-उत्तराखण्ड
(d) हिमाचल प्रदेश-उत्तराखण्ड, झारखण्ड, छत्तीसगढ़

28. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी गंगा नदी में बाएँ से मिलती है?
(a) गोमती (b) घाघरा
(c) कोसी (d) सोन

29. सूची-। को सूची-।। से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए-

सूची-। (समुद्री बन्दरगाह) सूची-।। (राज्य)

A. अलेप्पी 1. तमिलनाडु

B. इन्नोर 2. ओडिशा

C. पारादीप 3. केरल

D. काकीनाड़ा 4. आन्ध्र प्रदेश

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

30. भारत के दक्कन के पठार पर बेसाल्ट-निर्मित लाख शैलों का निर्माण हुआ है-

(a) क्रिटेशियस युग में (b) प्लीस्टोसीन युग में

(c) कार्बोनीफेरस युग में (d) मायोसीन युग में

31. 1946 में स्थापित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के सदस्य के रूप में सम्मिलित प्रथम भारतीय कौन थे?

(a) श्रीमती सरोजिनी नायडू

(b) श्रीमती हंसा मेहता

(c) श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित

(d) उपरोक्त में कोई नहीं

32. 'स्टार्ट-।' एवं 'स्टार्ट-।।' सन्धियाँ हस्ताक्षरित की गई-

(a) अमेरिका व सोवियत संघ के मध्य

(b) अमेरिका व चीन के मध्य

(c) सोवियत संघ व चीन के मध्य

(d) उपरोक्त में से किसी के मध्य नहीं

33. भारत में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ था?

(a) 1990 में (b) 1991 में

(c) 1992 में (d) 1993 में

34. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना किस समझौते के अन्तर्गत हुई?

(a) ब्रेटन वुड्स समझौता (b) ब्रेटन स्टोन समझौता

(c) एस. वुड्स समझौता (d) यू. थांट समझौता

35. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) की स्थापना कब हुई?

(a) 1984 में (b) 1987 में

(c) 1985 में (d) 1989 में

36. राज्य विधान सभा निम्नलिखित में से किनके निर्वाचन में भाग लेती है?

1. भारत के राष्ट्रपति के
2. भारत के उपराष्ट्रपति के
3. राज्यसभा के सदस्यों के
4. राज्य विधान परिषद के सदस्यों के

सही उत्तर चुनिए-

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 4

37. उत्तरांचल (वर्तमान उत्तराखण्ड) के प्रथम राज्यपाल कौन थे?

(a) श्रीमती मारग्रेट अल्वा (b) श्री सुदर्शन अग्रवाल

(c) श्री बी.एल. जोशी (d) श्री सुरजीत सिंह बरनाला

38. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा शहरी स्थानीय को संवैधानिक दर्जा दिया गया?

(a) 72वां (b) 73वां

(c) 74वां (d) 71वां

39. भारत के सर्वोच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार किसके द्वारा बढ़ाया जा सकता है?

(a) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(b) संसद द्वारा प्रस्ताव पारित करके

(c) संसद द्वारा विधि बनाकर

(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करके राष्ट्रपति द्वारा

40. मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी है?

(a) प्रधानमंत्री (b) राष्ट्रपति

(c) राज्यसभा (d) लोकसभा

41. निम्नलिखित में से किसको भारतीय संविधान की आत्मा कहा गया है?

(a) मौलिक अधिकार

(b) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त

(c) संवैधानिक उपचार का अधिकार

(d) उद्देशिका

42. लोकसभा सचिवालय प्रत्यक्ष रूप से किसकी देखरेख में कार्य करता है?

(a) गृह मंत्रालय

(b) सदस्य, राज्य लोक सेवा आयोग

(c) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

(d) महान्यायवादी

43. निम्न में से किसकी नियुक्ति राज्य का राज्यपाल नहीं करता?

(a) मुख्यमंत्री

(b) सदस्य, राज्य लोक सेवा आयोग

(c) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

(d) महान्यायवादी

44. निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत भारतीय संविधान सभा का गठन किया गया?
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(b) क्रिप्स प्रस्ताव, 1942
(c) कैबिनेट मिशन योजना, 1946
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

45. भारतीय संसद में निम्न में से कौन सम्मिलित है?
(a) राष्ट्रपति, लोकसभा एवं राज्यसभा
(b) लोकसभा, राज्यसभा एवं प्रधानमंत्री
(c) लोकसभा, राज्यसभा एवं संसदीय कार्य मंत्री
(d) लोकसभा, राज्यसभा एवं संसदीय सचिवालय

46. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?
(a) भारत का राष्ट्रपति (b) भारत का उपराष्ट्रपति
(c) भारत का प्रधानमंत्री (d) लोकसभा अध्यक्ष

47. भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल कितना होता है?
(a) 5 वर्ष
(b) 6 से 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
(c) 5 ये 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
(d) भारत के राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त

48. जनहित याचिका (पी.आई.एल.) कहाँ पर प्रस्तुत की जा सकती है?
(a) केवल भारत के सर्वोच्च न्यायालय में
(b) केवल राज्यों के उच्च न्यायालयों में
(c) केन्द्रीय प्रशासनिक प्राधिकरणों में
(d) उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय दोनों में

49. 1962 के चीन युद्ध से पूर्व उत्तराखण्ड की किस जनजाति के तिब्बत के साथ व्यापारिक सम्बन्ध थे?
(a) राजि (b) भोटिया
(c) बोक्सा (d) जौनसारी

50. 'गढ़देश सेवा संघ' का गठन किसने किया?
(a) श्रीदेव सुमन (b) बद्रीदत्त पाण्डे
(c) रामपाल (d) गोपीचन्द

51. 'उत्तराखण्ड क्रान्ति दल' के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(a) डी.डी. पंत (b) बद्रीदत्त पाण्डे
(c) दिवाकर भट्ट (d) मथुरा प्रसाद बमराडा

52. 'उत्तराखण्ड के गांधी' के रूप में किसे जाना जाता है?
(a) गौरा देवी (b) सुन्दरलाल बहुगुणा
(c) माधोसिंह भण्डारी (d) इन्द्रमणी बडोनी

53. एक व्यक्ति पंचायत का चुनाव लड़ सकता है यदि उसने पूर्ण कर ली है–
(a) 25 वर्ष की आयु (b) 30 वर्ष की आयु
(c) 21 वर्ष की आयु (d) 18 वर्ष की आयु

54. संविधान के किस संशोधन के अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग को शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु 27% का आरक्षण दिया गया है?
(a) 92वें (b) 93वें
(c) 94वें (d) 96वें

55. राज्यपाल को पद व गोपनीयता की शपथ कौन दि. लवाता है?
(a) राष्ट्रपति
(b) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(c) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(d) मुख्यमंत्री

56. निम्न में से किस राज्य ने सर्वप्रथम लोकायुक्त संस्था की स्थापना की?
(a) राजस्थान (b) महाराष्ट्र
(c) बिहार (d) गुजरात

57. निम्न में से किस आयोग/समिति ने स्थानीय संस्था ऑम्बुड्समैन बनाने का सुझाव दिया?
(a) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
(b) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग
(c) बलवन्तराय मेहता समिति
(d) अशोक मेहता समिति

58. निम्न में से कौन-सी एक समिति भारत में पंचायत राज व्यवस्था से संबंधित नहीं है?
(a) दिनेश गोस्वामी समिति
(b) एल.एम. सिंघवी समिति
(c) सादिक अली समिति
(d) अशोक मेहता समिति

59. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत शिक्षण संस्थाओं में, जिसमें गैर-सरकारी व गैर-अनुदान प्राप्त भी सम्मिलित हैं, अन्य पिछड़ों, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षण की सुविधा प्रदान की गई है?
(a) अनुच्छेद-15(4) (b) अनुच्छेद-15(5)
(c) अनुच्छेद-16(4) (d) अनुच्छेद-16(5)

60. 86वें संशोधन द्वारा प्रस्तावित 'शिक्षा का अधिकार' किस वर्ष से लागू किया गया?
(a) 2002 से (b) 2004 से
(c) 2008 से (d) 2010 से

61. निम्नलिखित में से कौन-सा ताल उत्तराखण्ड के 'रहस्य ताल' के नाम से जाना जाता है?
(a) नैनीताल (b) सातताल
(c) रूपकुण्ड (d) नौकुचियाताल

62. उत्तराखण्ड राज्य की निम्नलिखित खाद्य फसलों में, सर्वाधिक क्षेत्रफल पर बोई जाने वाली फसल है–
(a) मक्का (b) बाजरा
(c) गेहूँ (d) चावल

63. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तराखण्ड राज्य की साक्षरता दर है–
(a) 79.63% (b) 87.40%
(c) 70.407% (d) 75.80%

64. निम्नलिखित में से कौन, उत्तराखण्ड राज्य की सबसे ऊँची हिमाच्छादित पर्वत चोटी है?
(a) कामेत (b) त्रिशूल
(c) नन्दादेवी (d) चँगोरी

65. टिहरी जल-विद्युत परियोजना, निम्नलिखित में से किन नदियों पर बनाई गई है?
(a) भागीरथी एवं अलकनन्दा
(b) यमुना एवं भागीरथी
(c) काली एवं टोंस
(d) भागीरथी एवं भिलंगना

66. निम्नलिखित राष्ट्रों में से कौन एक ''ब्रिक्स'' का सबसे अन्त में सम्मिलित किया गया राष्ट्र है?
(a) भारत (b) चीन
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) ब्राजील

67. ब्रेटन वुड्स सम्मेलन ने किन संस्थाओं की स्थापना की?
1. आई.एम.एफ.
2. आई.बी.आर.डी.
3. संयुक्त राष्ट्र
4. डब्ल्यू.टी.ओ.
कूट–
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

68. मानव विकास रिपोर्ट, निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है?
(a) यूनेस्को (b) विश्व बैंक
(c) यू.एन.डी.पी. (d) आई.एम.एफ.

69. निम्नलिखित में से विश्व बैंक की कौन-सी सम्बद्ध संस्था, विश्व के निर्धनतम राष्ट्रों को गरीबी उन्मूलन हेतु सहायता प्रदान करती है?
(a) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम
(b) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ
(c) बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी
(d) अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष

70 जब विनियम दर 1$=60 परिवर्तित होकर 1$=58 हो जाती है, तो इसका अभिप्राय है कि:
1. रूपया अधिमूल्यित हो गया है।
2. डालर का मूल्य घट गया है।
3. रूपये का मूल्य घट गया है।
4. डालर अधिमूल्यित हो गया है।
(a) 1 और 2 सही है
(b) 2 और 3 सही है
(c) 1 और 4 सही है
(d) 2 और 4 सही है

71. माल्थस के जनसंख्या सिद्धान्त के अनुसार, जनसंख्या में वृद्धि होती है–
(a) ज्यामितीय क्रम में (b) अंकगणितीय क्रम में
(c) हरात्मक क्रम में (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. फिलिप्स वक्र किनके मध्य संबंध को व्यक्त करता है?
(a) मुद्रा विस्फीति एवं बेरोजगारी
(b) मुद्रा स्फीति एवं बेरोजगारी
(c) मुद्रा स्फीति एवं अदृश्य बेरोजगारी
(d) मुद्रा विस्फीति एवं चक्रीय बेरोजगारी

73. निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री के व्यापार चक्र का विशुद्ध मौद्रिक सिद्धान्त प्रतिपादित किया?
(a) हाट्रे (b) हायक
(c) कीन्स (d) हिक्स

74. निम्नलिखित में से 'पूंजी का संग्रहण' पुस्तक का कौन लेखक है?
(a) श्रीमती जॉन राबिन्सन
(b) एडम स्मिथ
(c) लॉड मेनार्ड कीन्स
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने, 1929-30 की महान मंदी को सुधारने के लिए, राजकोषीय नीति के उपाय का उपयोग किया?
(a) प्रो. कीन्स (b) प्रो. पीगू
(c) प्रो. मार्शल (d) प्रो. क्राउथर

76. भारत में वित्तीय क्षेत्रों में सुधार समिति-2008 के अध्यक्ष थे
(a) बिमल जालान
(b) रघुराम राजन
(c) सी. रंगराजन
(d) एम. नरसिम्हम

77. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंग अनुपात (प्रति 1000 पुरूषों के पीछे स्त्रियों की संख्या) है–
(a) 925 (b) 947
(c) 916 (d) 940

78. नियोजित विकास मॉडल को भारतवर्ष में कब लागू किया गया?
(a) 1 अप्रैल, 1951
(b) 15 अगस्त, 1947 से
(c) 26 जनवरी, 1950 से
(d) 1 मई, 1965 से

77. निम्नलिखित में से राष्ट्रीय विकास समिति का अध्यक्ष कौन होता है?
(a) भारत का प्रधानमंत्री (b) भारत का वित्त मंत्री
(c) भारत का राष्ट्रपति (d) भारत का उप-राष्ट्रपति

78. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, भारतवर्ष में रबर की खेती के लिए प्रसिद्ध है?
(a) कर्नाटक (b) ओडिशा
(c) आंध्र प्रदेश (d) केरल

79. निम्नलिखित में से कौन एक राजकोषीय नीति का भाग है?
(a) उत्पादन नीति (b) कर नीति
(c) विदेश नीति (d) ब्याज दर नीति

82. नरेगा को मनरेगा (MNREGA) नाम कब दिया गया?
(a) 2 अक्टूबर, 2007 को
(b) 2 फरवरी, 2008 को
(c) 2 फरवरी, 2009 को
(d) 2 अक्टूबर, 2010 को

83. भारतीय रूपए को मार्च, 1994 से निम्नलिखित में से किस खाते में परिवर्तनीय बनाया गया?
(a) पूँजी खाता (b) चालू खाता
(c) (a) तथा (b) दोनों (d) राजस्व खाता

84. भारत सरकार द्वारा, बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई थी?
(a) अप्रैल 2000 में (b) अप्रैल 2001 में
(c) अप्रैल 2002 में (d) अप्रैल 2003 में

85. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारतीय रिजर्व बैंक का कार्य नहीं है?
(a) करेंसी का नियमन
(b) विदेशी व्यापार का नियमन
(c) साख का नियमन
(d) देश के विदेशी विनिमय कोषों की रखवाली एवं प्रबंध

86. साइबर लॉ की शब्दावली में 'DOS' का अर्थ है-
(a) डिनाइल ऑफ सर्विस
(b) डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम
(c) डिस्टैंट ऑपरेटर सर्विस
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

87. मल्टीमीडिया में सम्मिलित हो सकता है-
(a) न्यूमेरिक, टेक्स्ट व पिक्चर डाटा
(b) ग्राफिक्स, एनीमेशन, वीडियो, म्यूजिक और आवाज
(c) केवल न्यूमेरिक टाइप डाटा
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

88. एक निश्चित पते पर किसी एब्यूजर द्वारा बार-बार एक ही ई-मेल संदेश भेजना कहलाता है-
(a) ई-मेल स्पूफिंग (b) ई-मेल स्वेमिंग
(c) ई-मेल बाम्बिंग (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

89. एक प्रोग्राम जिसमें अन्य प्रोग्रामों को संक्रमित करने की योग्यता होती है तथा जो अपनी ही प्रतियाँ स्वयं बनाकर दूसरे प्रोग्रामों में फैला सकता है, वह कहलाता है-
(a) वॉर्म (b) वायरस
(c) ट्रोजन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

90. कम्प्यूटर में एक ही समय पर एक से अधिक माध्यमों के प्रयोग का तरीका कहलाता है-
(a) मल्टीमीडिया (b) मैक्रोमीडिया
(c) इंटरएक्टिविटी (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

91. एक कार्बन क्रेडिट समतुल्य है
(a) 10 किग्रा $CO_2$ (b) 100 किग्रा $CO_2$
(c) 1000 किग्रा $CO_2$ (d) 10,000 किग्रा $CO_2$

92. जून 2013 की केदार घाटी की आपदा जिस नदी के जलागम क्षेत्र में भीषण वर्षा के कारण हुई, वह नदी थी-
(a) अलकनन्दा (b) भागीरथी
(c) यमुना (d) मन्दाकिनी

93. भोपाल गैस त्रासदी निम्नलिखित में से किसके रिसाव के कारण हुई?
(a) मिथाइल आइसोसाइनेट
(b) कार्बन मोनो आक्साइड
(c) नाइट्रिक ऑक्साइड
(d) सल्फर डाई ऑक्साइड

94. मिनामाता ब्याधि का मुख्य कारण है-
(a) आर्सेनिक विषाक्तता (b) सीसा विषाक्तता
(c) पारद विषाक्तता (d) कैडिमियम विषाक्तता

95. किसी निश्चित क्षेत्र में प्राणियों की संख्या की सीमा, जिसे पर्यावरण समर्थन कर सकता है, कहलाती है-
(a) जनसंख्या
(b) वहन-क्षमता
(c) संख्या या जैव-द्रव्यमान का पिरैमिड
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

96. नैनो-कण का आकार निम्नलिखित में से किसके बीच होता है?
(a) 100 एन-एम. से 1000 एन-एम.
(b) 0.1 एन-एम से 1 एन-एम.
(c) 1 एन-एम. से 100 एन-एम.
(d) 0.01 एन-एम से 0.1 एन-एम

97. जैव-विविधता में परिवर्तन होता है-
(a) भूमध्य रेखा की तरफ बढ़ती है।
(b) भूमध्य रेखा की तरफ घटती है।
(c) पृथ्वी पर एक समान रहती है।
(d) ध्रुवों की तरफ बढ़ती है।

98. बैसिलस थूरिनजिएन्सिस का उपयोग होता है-
(a) जैविक खाद (b) जैविक कीटनाशक
(c) रासायनिक खाद (d) रासायनिक कीटनाशक

99. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार है?
(a) नाइट्रोजन
(b) मेथेन
(c) कार्बन डाई ऑक्साइड
(d) कार्बन मोनो ऑक्साइड

100. निम्नलिखित में से किस जोड़े का मिलान सही नहीं है?
(a) इबोला वायरस - चेचक
(b) जीव-सांख्यिकी पहचान - उंगली छापन तथा आयरिन स्कैन
(c) क्लोनिंग - आनुवंशिक प्रतिकृति
(d) डी.एन.ए. फ्रिंगरप्रिटिंग - पैत्रक या अपराधी की पहचान

101. निम्नलिखित में से कौन-सा यूरेनियम समस्थानिक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बिजली उत्पादन में इस्तेमाल किया जाता है?
(a) U - 233 (b) U - 234
(c) U - 235 (d) U - 239

102. बायोगैस का मुख्य घटक है-
(a) हाइड्रोजन (b) मेथेन
(c) ब्यूटेन (d) एसिटीलीन

103. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व सोलर सेल में उपयोग किया जाता है?
(a) सिलिकॉन (b) सीरियम
(c) एस्टैटीन (d) वैनेडियम

104. निम्नलिखित में से कौन-सा पॉलीमर नहीं है?
(a) नॉयलान (b) टैफलॉन
(c) कैप्रोलैक्टम (d) पॉलीस्टाइरीन

105. कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनने के लिए चाहिए?
(a) विटामिन A (b) विटामिन C
(c) विटामिन E (d) विटामिन K

106. इलेक्ट्रिक बल्ब में फिलामेंट बना होता है-
(a) टंगस्टन (b) नाइक्रोम
(c) सीसा (d) एल्यूमीनियम

107. निम्न में से किस विकिरण में ऊर्जा प्रति क्वान्टम सर्वाधिक होगी?
(a) 320-400 एन.एम. (b) 200-280 एन.एम.
(c) 280-320 एन.एम. (d) 400-600 एन.एम.

108. भारत का पहला संचालन उपग्रह आईआरएनएसएस-1ए कहाँ छोड़ा गया?
(a) श्रीहरिकोटा (b) अहमदाबाद
(c) तिरुवनन्तपुरम (d) बेंगलुरु

109. निम्नलिखित में से किस जोड़े का मिलान सही नहीं है?
(a) प्रकाशिक फाइबर - प्रकाश तरंगे
(b) एण्ड्रॉइड - वाणी निवेश
(c) बृहद हेड्रॉन कोलाइडर- गॉड पार्टीकल
(d) लाल ग्रह - मंगल

110. भारती रिमोट सेन्सिग संस्थान (आईआईआरएस) स्थित है-
(a) देहरादून (b) नई दिल्ली
(c) लखनऊ (d) नागपुर

111. 20वें (ग्लासगो) राष्ट्रमण्डल खेलों 2014 के 74 किग्रा वजन संवर्ग में कुश्ती का स्वर्ण पदक किसने जीता?
(a) वीरेन्द्र कुमार (b) सुशील कुमार
(c) योगेश्वर दत्त (d) प्रवीण कुमार

112. निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक को वर्ष 2013 के लिए 'भारत रत्न' से अलंकृत किया गया है?
(a) के.एल. मोशेलकर (b) जी.पी. राव
(c) हरिहरण पार्थसारथी (d) सी.एन.आर. राव

113. ग्रेट हिमालय राष्ट्रीय पार्क, जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है, स्थित है-
(a) उत्तराखण्ड में (b) हिमाचल प्रदेश में
(c) जम्मू-कश्मीर में (d) नागालैण्ड में

114. उत्तर-मध्य रेलवे जोन (क्षेत्र) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) इलाहाबाद (b) जबलपुर
(c) भोपाल (d) दिल्ली

115. केंद्रीय बजट 2014 में समन्वित गंगा संरक्षण अभियान को कहा गया है-
(a) क्लीन गंगा (b) सेक्रेड गंगा
(c) द ग्रेट गंगा (d) नामामि गंगे

116. राष्ट्रीय युवा नीति 2014 के अनुसार निम्नलिखित में से किस आयु वर्ग के युवा लाभान्वित होंगे?
(a) 15-29 वर्ष (b) 16-28 वर्ष
(c) 15-22 वर्ष (d) 17-28 वर्ष

117. अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है-
(a) 10 दिसम्बर को (b) 30 जनवरी को
(c) 2 अक्टूबर को (d) 23 मार्च को

118. केंद्र सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय गोकुल मिशन का उद्देश्य है-
(a) गायों की देशी नस्ल की रक्षा करना
(b) अधिक दूध उपज करने वाली गायों की नस्लों का विकास करना
(c) पशुओं के वध को रोकना
(d) पशुओं में 'फुट एण्ड माउथ' का उन्मूलन करना

119. पी.ओ.सी.एस.ओ. कानून का सम्बन्ध है-
(a) तेल कम्पनियों से (b) बच्चों से
(c) लोक सेवकों से (d) समुद्र से

120. किसे भारत का नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है?
(a) दलबीर सिंह (b) अमित शाह
(c) के.पी.एस. मेनन (d) अजीत कुमार डोवाल

121. भारत के गणतंत्र दिवस परेड 2014 में मुख्य अतिथि कौन थे?
(a) नवाज शरीफ (b) शिंजो एब
(c) हु जिन्तो (d) शेख हसीना

122. निम्नलिखित में से किसने सीरिया के राष्ट्रपति का चुनाव 2014 में तीसरी बार जीता?
(a) अब्देल फतेह अल सीसी
(b) बशर-अल असद
(c) नूरी अबु सहमीन
(d) नूरी अल मालिकी

123. केंद्र की नई सरकार ने हाल ही में संधि की पुष्टि की है। इस संधि का उद्देश्य है-
(a) सामुद्रिक जैव संसाधनों का विकास करना
(b) वायु आवागमन सेवाओं का नियमन
(c) दृष्टि बाधित एवं मुद्रण अयोग्य लोगों की प्रकाशित रचनाओं तक पहुँच को प्रोत्साहन देना
(d) कोशिका जैविकी अध्ययन का प्रोत्साहन

124. निम्नलिखित में से किस फिल्म ने कान फिल्म महोत्सव 2014 में पाम ड-ऑर पुरस्कार प्राप्त किया?
(a) विंटर स्लीप
(b) ग्रेस ऑफ मोनाको
(c) द वन्डर्स
(d) गुड बाई टू लैंग्वेजेज

125. निम्नलिखित में से कौन प्रथम अफ्रीकी संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव रहे हैं?
(a) बान-की मून (b) जेवियर परेज द क्यूलार
(c) बुतरोस बुतरोस घाली (d) यू-थांट

126. निम्नलिखित में से मई 2014 में चांदीपुर (ओडिशा) से पृथ्वी से आकाश तक मार करने वाले किस प्रक्षेपास्त्र का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया?
(a) पृथ्वी (b) आकाश
(c) त्रिशूल (d) ब्रह्मोस

127. 25 जुलाई, 2014 को राष्ट्रपति-भवन में जिस नए संग्रहालय का उद्घाटन किया गया उसका क्या नाम है?
(a) ग्लीम्पसेज ऑफ हिस्ट्री
(b) तोशाखाना
(c) द स्टेबल्स
(d) इन्द्रधनुष

128. निम्नलिखित में से किसने जून 2014 में एशियाई बिलियर्ड चैम्पियनशिप जीती?
(a) आलोक कुमार (b) बी. भास्कर
(c) ध्रुव स्विला (d) सौरव कोठारी

129. निम्न में से किसने वर्ष 2014 के, विम्बल्डन के अण्डर-19 गोल्ड टूर्नामेंट' में स्वर्ण पदक जीता?
(a) उन्मुक्त चन्द (b) लिएण्डर पेस
(c) लक्ष्य सेन (d) साइना नेहवाल

130. निम्न में से कौन-सा राज्य/कौन से राज्य, प्रस्तावित ''किसाउ बाँध'' परियोजना से लाभान्वित होंगे?
(a) हरियाणा
(b) उत्तराखण्ड व हिमाचल प्रदेश
(c) जम्मू-कश्मीर
(d) असम

131. वर्तमान में, राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष, निम्न में से कौन है?
(a) ललिता कुमारमंगलम (b) गिरिजा व्यास
(c) ममता शर्मा (d) नजमा हेपतुल्ला

132. उत्तराखण्ड की प्रसिद्ध नन्दा राजजात 2014 में किस अवधि में सम्पन्न हुई?
(a) 4 अगस्त से 6 सितम्बर
(b) 16 अगस्त से 16 सितम्बर
(c) 18 अगस्त से 6 सितम्बर
(d) 21 अगस्त से 10 सितम्बर

133. एक ही लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में लगातार 'आठवी बार' चुनाव जीतने वाली भारत की महिला सांसद कौन है?
(a) सुषमा स्वराज (b) सुमित्रा महाजन
(c) मेनका गांधी (d) सावित्री जिंदल

134. ''आऊट ऑफ प्रिंट : न्यूजपेपर्स, जर्मलिज्म, एण्ड द बिजनेस ऑफ न्यूज इन द डिजिटल एज'' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(a) प्रोफेसर जॉर्ज ब्रॉक (b) राबिन ज्याफ्रे
(c) निक न्यूमैन (d) मार्क टूली

135. ''महाराष्ट्र के बागवानी राजदूत'' के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(a) अक्षय कुमार को (b) रणबीर कपूर को
(c) रणवीर सिंह को (d) अमिताभ बच्चन को

136. अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आई.ए.ई.ए.) की जुलाई 2014 की रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित में से किस देश ने अपने संवर्धित यूरेनियम के भण्डार में प्रभावकारी कमी की है?
(a) उत्तरी कोरिया (b) ईरान
(c) इराक (d) लीबिया

137. संयुक्त राष्ट्रसंघ के एक मंच 'यू.एन.वूमैन' ने अपने 'ही फॉर शी' अभियान हेतु जुलाई 2014 में किसे अपना 'सद्भावना राजदूत' मनोनीत किया?
(a) जे.के. राउलिंग (b) जूलिया रॉबर्ट्स
(c) मारिया शारापोवा (d) एम्मा वाटसन

138. निम्नलिखित में से किसने दक्षिण कोरिया में आयोजित 17वें एशियन खेल में भारत के लिए पहला पदक प्राप्त किया?
(a) श्वेता चौधरी (b) पी. कश्यप
(c) संजीता चानू (d) दीपिका कुमारी

139. छठें ब्रिक्स शीर्ष सम्मेलन के फोर्टोलेजा घोषणा (ब्राजील 2014) के अनुसार मूलभूत संरचना भेद तथा सतत् विकास की आवश्यकताओं को संबोधित करने हेतु न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना के लिए संस्थापक सदस्यों में बराबर हिस्सेदारी होने वाला प्रारम्भिक-पूँजी-अंशदान कितना है?
(a) 200 अरब अमेरिकी डॉलर
(b) 150 अरब अमेरिकी डॉलर
(c) 100 अरब अमेरिकी डॉलर
(d) 50 अरब अमेरिकी डॉलर

140. निम्नलिखित में से किस संगठन ने मार्च 2014 में भारत को आधिकारिक रूप से पोलियों मुक्त देश के रूप में घोषित किया है?
(a) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(b) संयुक्त राष्ट्र संघ
(c) रेड क्रॉस सोसाइटी
(d) इनमें से कोई नहीं

141. अल्मोड़ा सिक्कों में उल्लिखित नाम है
(a) शिवपाल, शिवपालित और हरिपाल
(b) शिवपालित, शिव और हरि
(c) शिवदत्त, शिवपालित और हरिदत्त
(d) शिवदत्त, शिवपालित और हरि

142. निम्नलिखित विकल्प, जिसमें राजा और उसकी राजधानी दी गई है, में से सही सुमेलित युग्म का चयन करें।
(a) सोमचंद - राज बुंगा
(b) कनकपाल - देवलगढ़
(c) अजयपाल - टिहरी
(d) मानशाह - चाँदपुर गढ़

143. गढ़वाल ने इतिहास में 'नक्कटी-राणी' के नाम से कौन विख्यात थी?
(a) गुलेरिया रानी (b) कर्णावती रानी
(c) नेपालिया रानी (d) कमलेन्दुनी रानी

144. गढ़वाल सर्वदलित परिषद् का गठन सन् 1928 ई. में किया था-
(a) मोहनसिंह मेहता ने (b) बद्रीदत्त पाण्डे ने
(c) जयानंद भारती ने (d) हरगोविंद पंत ने

145. देहरादून में 'प्रजा मण्डल' की स्थापना का उद्देश्य था
(a) ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना
(b) गोरखा शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करना
(c) जनता को समाज सुधार हेतु संगठित करना
(d) जनता को टिहरी राज्य के कुशासन से मुक्त करना

146. निम्नलिखित कथन A और कथन B को पढ़ें और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन करें-
A. विश्व के सभी भागों में ईस्वी पूर्व 6वीं शताब्दी एक महान् धार्मिक उथल-पुथल का काल था।
B. वैदिक धर्म बहुत जटिल हो चुका था।
कूट-
(a) A और B दोनों गलत है
(b) A और B दोनों सही है
(c) A सही है जबकि B गलत है
(d) A गलत है जबकि B सही है

147. भागवत धर्म का ज्ञात सर्वप्रथम अभिलेखीय साक्ष्य है
(a) समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति
(b) गौतमी बलश्री का नासिक अभिलेख
(c) बेसनगर का गरुड़ स्तम्भ
(d) धनदेव का अयोध्या अभिलेख

148. बौद्ध ग्रंथ ''मिलिन्दपन्हों' किस हिन्द-यवन शासक पर प्रकाश डालता है?
(a) डायोडोस II (b) डेमेट्रियस
(c) मिनेण्डर (d) स्ट्रैटो I

149. किस वैदिक ग्रंथ में 'वर्ण' शब्द का सर्वप्रथम नामोल्लेख मिलता है?
(a) ऋग्वेद (b) अथर्ववेद
(c) सामवेद (d) यजुर्वेद

150. गुप्त साम्राज्य के पतन के विभिन्न कारण थे। निम्नलिखित कथनों में कौन-सा कारण नहीं था?
(a) हूण आक्रमण
(b) प्रशासन का सामंतीय ढाँचा
(c) उत्तरवर्ती गुप्तों का बौद्ध धर्म स्वीकार करना
(d) अरब आक्रमण